# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का हुआ शुभारंभ... पूरे जिले में पंचायत स्तर पर हुई स्पर्धाएं, 11 अक्टूबर तक चलेगा पहला चरण, 14 खेलों में शामिल होंगे खिलाड़ी

**❒ हमारे पारंपरिक खेलों से आज की पीढ़ी को जोड़ेगा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक-विधायक प्रकाश नायक**

**रायगढ़।** 6 अक्टूबर से जिले में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के पहले स्तर की प्रतियोगिताएं शुरू हो गई। ग्राम पंचायतों में राजीव युवा मितान क्लब स्तर स्पर्धाएं हुई। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पुसौर विकासखंड के ग्राम लोहरसिंह में हुआ। विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर रानू साहू, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित रहे।

विधायक प्रकाश नायक ने शुभारंभ के अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ शासन लगातार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति की परंपराओं, रीति-रिवाजों, खान-पान को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। जिससे आने वाली पीढ़ी भी हमारी इन सांस्कृतिक विशेषताओं से भली-भांति परिचित हों, जिसके साक्षी हमारे बड़े बुजुर्ग रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक तीन माह तक चलने वाला यह आयोजन हमारे स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए खेल प्रेमियों को खिलाडिय़ों का अधिक से अधिक उत्साहवर्धन करने की बात कही।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन निरंतर अपनी नीतियों से हमारे सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार द्वारा ग्रामीण जनजीवन को केन्द्र में रखकर बहुत से कदम उठाये गये है। चाहे वह शासन की विभिन्न योजनाएं है या सांस्कृतिक रीति-रिवाजों, तीज-त्यौहारों को सामूहिक रूप से मनाने की परंपरा शुरू की गई है, यह सभी छत्तीसगढ़ की ग्रामीण जनजीवन और वहां के लोगों को समर्पित है। आज का आयोजन भी इसी क्रम में हमारी वर्तमान पीढ़ी को हमारी विभिन्न पारंपरिक खेल विधाओं से परिचित कराना है। उन्होंने आयोजक राजीव युवा मितान क्लब के साथ सभी को खेल भावना के साथ आयोजन का आनंद उठाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।





कलेक्टर रानू साहू ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के साथ ही लोगों में नेतृत्व क्षमता व टीम भावना का विकास करने के उद्देश्य से छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। खेलों से जहां खिलाडिय़ों में व्यक्तित्व विकास के साथ अनुशासन के गुण विकसित होते है। वहीं ऐसे आयोजन सामाजिक मेलजोल का भी माध्यम बनते है। उन्होंने कहा कि खेल में किसी की जीत होती है तो कोई हारता है। इसमें महत्वपूर्ण यह है कि जीतने वाला अपनी जीत को बरकरार रखने मेहनत करें व हारने वाला आगे बेहतर करने के लिए प्रयासरत रहे। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से लोगों का कौशल निखरता है और उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन बाहर आता है। उन्होंने सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान अध्यक्ष- सुनील भोय, उपाध्यक्ष- गोपी चौधरी, खेमराज नायक, सरपंच लोहरसिंग सारथी, उपसरपंच खेम नायक, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीईओ जनपद पुसौर महेश पटेल, बीईओ पुसौर दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेलप्रेमी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने रस्साकशी में आजमाया जोर-** कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों के बीच रस्साकशी का मुकाबला हुआ। जनप्रतिनिधियों की ओर से जनपद अध्यक्ष-श्री सुनील भोय, उपाध्यक्ष-श्री गोपी चौधरी, खेमराज नायक, लोहरसिंह सरपंच सारथी, उपसरपंच खेम नायक खिलाड़ी के रूप में मैदान में उतरे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीईओ जनपद पुसौर महेश पटेल, बीईओ पुसौर दिनेश पटेल, उपअभियंता आरईएस सुनील पटेल टीम में रहे। रस्साकशी के इस रोचक जोर आजमाईश में प्रशासनिक टीम विजयी रही। इस दौरान महिलाओं के 18 से 40 वर्ग की रस्साकशी तथा 18 से कम आयु वर्ग के बालिकाओं को संखली की प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। जिसमें विजेता खिलाडिय़ों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिए गए।

**पूरे जिले में हुआ पारंपरिक खेलों का आयोजन, 11 अक्टूबर तक चलेंगी पंचायत स्तरीय स्पर्धाएं-** छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक का आयोजन पूरे जिले में हुआ। जिसमें बच्चों से लेकर बड़े सभी आयु श्रेणी व वर्गो के खिलाडिय़ों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विदित हो कि छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक के प्रथम चरण में 6 से 11 अक्टूबर तक पंचायत स्तर पर 14 पारंपरिक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है। इनमें से विजेता टीमें अगले चरण में जोन स्तर में खेलेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### किशोर बालिका को फोटो वायरल करने की धमकी देकर मांगे रुपए


**बालिका के पिता ने चौकी खरसिया में आवेदन देकर दर्ज कराई रिपोर्ट**

**रायगढ़।** दिनांक 04.10.2022 को पुलिस चौकी खरसिया में स्थानीय व्यक्ति द्वारा 3 लड़कों पर उसकी नाबालिग लड़की को बदनाम करने की धमकी देकर 50,000 रूपयों की मांग करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि उसकी लड़की हमारे रिश्तेदार और परिचित लड़के के साथ खड़ी होकर बातचीत कर रही थी। उसी समय का स्थानीय 3 लड़के मोबाइल पर उनके बगैर जानकारी फोटो खींच लिये फिर उन लड़कों ने लड़की को मैसेज किये कि यदि 50,000 रूपये नहीं दोगी तो फोटो तुम्हारे रिस्तेदारों के पास भेजकर बदनाम कर देंगे। लड़की काफी डर गई, घर में भी नहीं बताई। करीब 1 साल पहले ली गई तस्वीरों को लड़कों ने पिछले माह इंस्टाग्राम, व्हासटअप में शेयर कर फिर से बदनाम करने की धमकी दे रहे हैं। बालिका के पिता के दिए गए आवेदन पर तीनों किशोर लड़कों के विरूद्ध चौकी खरसिया में धारा 507 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### बालिका को आते जाते करता था गंदे कमेंट्स, किशोर बालक पर दर्ज अपराध

**रायगढ़।** दिनांक 04.10.2022 को पुलिस चौकी खरसिया में बालिका के पिता द्वारा बालिका के सहपाठी लड़के के विरूद्ध आवेदन देकर यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता बालिका के पिता बताये कि आरोपित लड़का, उसकी लड़की के साथ पढ़ता है। लड़की घर में इन्हें बताई कि पिछले अगस्त महीने से लड़का स्कूल से आते जाते समय अभद्र टिप्पणी तथा गंदी- गंदी बाते और गंदे ईशारे करता है। इस संबंध में बालिका के पालक स्कूल में शिकायत किये थे, शिक्षक भी छात्र को समझाइश दिये थे किन्तु उसमें सुधार नहीं हुआ। बालिका के पिता के लिखित आवेदन पर किशोर बालक पर धारा 509 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## तेंदूडीपा में युवक से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** दिनांक 05.10.2022 को रावण दहन, मेला देख कर घर अपने घर तेंदूडीपा लौट रहे युवक को डरा धमकाकर उसी के मोहल्ले के दो व्यक्ति उसके जेब से 1,200 रुपए लूट लिए, लूटपाट की रिपोर्ट पर चौकी जूटमिल/ साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में जूटमिल स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही कर लूटपाट करने वाले दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे लूट की रकम बरामद की गई है।

पीड़ित रोहित राजपूत पिता चैतन सिंह राजपूत उम्र 18 वर्ष निवासी तेंदुडीपा वार्ड कं. 38 रिपोर्ट दर्ज कराया कि नरेश ट्रेडर्स में काम करता है। कल दिनांक 05.10.2022 के रात करीब 11.30 नटवर स्कूल से दशहरा देखकर अपने दोस्त मोनू , ओम , सांई के साथ वापस अपने घर लौट रहा था कि तेंदुडीपा पीपल पेड़ के पास मोहल्ले के शिवा वैष्णण एवं संतोष पटेल के द्वारा ब्लेड से डरा धमका कर मार दूंगा कहकर जेब चेक कर जेब में रखा पैसा 1,200 / रुपए को लूट लिये। लूटपाट की रिपोर्ट पर तत्काल चौकी प्रभारी जजूटमिल अपने स्टाफ के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तेंदूडिपा मोहल्ले में दबिश दिये। दोनों फरार थे जिन्हें आज शाम मोहल्ले में वापस आने की मुखबिर सूचना पर हिरासत में लेकर चौकी लाया गया जिन्हें लूटपाट के अपराध में गिरफ्तार किया गया है। कल दोनों आरोपी शिवा वैष्णव पिता हरेश वैष्णव 22 वर्ष, संतोष पटेल पिता कांशीराम वैष्णव उम्र 36 वर्ष निवासी तेंदुडीपा चौकी जूटमिल थाना कोतवाली को न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के साथ प्रधान आरक्षक मोहम्मद दिलदार कुरैशी, आरक्षक बनारसी सिदार, धनुर्जय चंद बेहरा, विनय तिवारी शामिल थे।

## पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष 12 अक्टूबर को लेंगे जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर के अध्यक्ष थानेश्वर साहू (केबिनेट मंत्री दर्जा)की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा (राज्यमंत्री दर्जा) एवं सदस्य महेश चंद्रवंशी की उपस्थिति में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 12 अक्टूबर 2022 को दोपहर 2 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में शासन के समस्त विभागों द्वारा अन्य पिछड़े वर्गो के हितार्थ संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं अन्य पिछड़े वर्ग के क्रीमिलेयर निर्धारण के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राज.)तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार से विशेष चर्चा की जाएगी।

## शस्त्र पूजन : पुलिस लाइन में एसपी अभिषेक मीणा विधि विधान से की शस्त्रों की पूजा



**रायगढ़।** वर्षो से विजयदशमी के दिन शस्त्र पूजा की परंपरा चली आ रही है। परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष जिले के सभी थाना, चौकी एवं पुलिस लाइन शस्त्रागार में रखे शस्त्रों की साफ-सफाई कर विधि विधान से पूजा किया जाता है। इसी क्रम में आज पुलिस लाइन शस्त्र पूजन कार्यक्रम में एसपी अभिषेक मीणा शस्त्रागार के शस्त्रों एवं पुलिस वाहनों की विधि विधान, मंत्रोच्चार के साथ पूजन महाकाली की आराधना के साथ हवन शांति किया गया। पूजन दौरान पौराणिक परंपरा का निर्वहन करते हुए एसपी अभिषेक मीणा द्वारा तलवार से कद्दू के बकरे की बलि दी गई जिसके बाद खुले प्रांगण में हर्ष फायर किया गया। उन्होंने पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के साथ जिलेवासियों को विजयादशमी की बधाई देते हुए उनके सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किये। पुलिस लाइन शस्त्र पूजन कार्यक्रम में एडिशनल एसपी लखन पटले, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे, थाना प्रभारी कोतवाली मनीष नागर, थाना प्रभारी चक्रधरनगर शनिप रात्रे, एमटीओ एएसआई राजकुमार राय सहित पुलिस लाइन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इसी प्रकार जिले के सभी थाना, चौकियों में रखे शस्त्रागार/कोत में रखे हथियारों की साफ-सफाई पूजा किया गया।

## हर रोड की करें मैपिंग, एक-एक किलोमीटर की चाहिए कार्ययोजना-कलेक्टर

**❒ कलेक्टर रानू साहू ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के साथ सड़क निर्माण के संबंध में ली विभागों और ठेकेदारों की समीक्षा बैठक**



**रायगढ़।** जिले में जितनी भी सड़क बननी है, उसकी मैपिंग कर निर्माण एजेंसी से हर एक किलोमीटर की कार्ययोजना चाहिए। सड़क के किस हिस्से में काम होना है, कहां दिक्कत आ रही है, कब तक काम शुरू होगा, पूरा होने की टाइमलाइन क्या होगी, इन सब बिंदुओं के आधार पर यह कार्ययोजना होनी चाहिए। यह बातें आज कलेक्टर रानू साहू ने सड़क निर्माण में जुड़े सभी विभागों और प्रमुख सड़कों के ठेकेदारों की बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कही।

जिले में जर्जर सड़कों के निर्माण और मरम्मत को लेकर कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में सड़क निर्माण से जुड़े विभागों की अहम बैठक ली। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा भी इसमें शामिल हुए। बैठक में जिले में निर्माण के लिए प्रस्तावित सड़कों की सड़कवार समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख रूप सड़कों के निर्माण किस स्तर पर है और किन कारणों से ये कार्य प्रभावित हो रहे हैं इन सब की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर रानू साहू ने कहा कि अब चूंकि बारिश थम चुकी है, अत: सड़कों के मरम्मत और निर्माण का काम पूरी तेजी से शुरू किया जाए, तथा काम फील्ड में नजर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब सड़क निर्माण की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाएगी तथा हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के प्रमुख मार्गो रायगढ़ से घरघोड़ा होते हुए धरमजयगढ़ तथा लैलूंगा, खरसिया से छाल होते हुए धरमजयगढ़ मार्ग के निर्माण व मरम्मत को प्रमुखता से शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अर्जन, फारेस्ट क्लीयरेंस तथा दूसरे तकनीकी कारणों के आधार पर अगर कही दिक्कत आ रही तो उसकी पृथक से जानकारी बनाकर कार्ययोजना में उल्लेख करने के निर्देश दिए जिससे उन समस्याओं का त्वरित निदान कर निर्माण का कार्य नियमित रूप से किया जा सके। कलेक्टर साहू ने सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी के साथ गुणवत्ता का भी पूरा ख्याल रखने के निर्देश विशेष रूप से दिए। जिससे इस मार्ग पर पडऩे वाले ट्रेफिक दबाव के अनुसार लम्बे समय तक चलने वाली सड़कें तैयार हो।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने अधिकारियों से कहा कि पूरे निर्माण कार्यो को छोटे-छोटे टार्गेट में बांटते हुए टाईम लाईन निर्धारित करें। जिसका विभागीय अधिकारी नियमित रूप से समीक्षा करते चले। इससे काम की गति भी बढ़ेगी तथा आ रही समस्याओं का निराकरण भी होता चलेगा। उन्होंने ठेकेदारों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान ट्रेफिक मैनेजमेंट एक बड़ा विषय होता है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी अपनी एक टीम इस काम के लिए डेडिकेटेड रूप से लगाये जिससे ट्रेफिक भी सुचारू रहेगा और काम में रूकावट भी नहीं आयेगी। उन्होंने ट्रेफिक मैनेजमेंट के लिए रोड में लगने वाले साईनेज, कैटआइस तथा अन्य दूसरे व्यवस्थाओं को भी नियमित रूप से लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता ए.के.दीवान, एम.आर.कौशिक एडीबी, ईई पीडब्ल्यूडी खाम्बरा, ईई पीएमजीएसवाय रायगढ़ वी.के. मिंज, ईई पीएमजीएसवाय धरमजयगढ़ ए.के. एक्का सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**ओव्हर लोड गाडिय़ों पर करें लगातार सख्त कार्यवाही-** बैठक में निर्माण विभाग से अधिकारियों ने कहा कि लगातार ओव्हर लोड वाहनों की आवाजाही से भी सड़कों को काफी नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा कई ट्रक ऑपरेटर एक्सल ऊपर कर गाड़ी चलाते है जिससे शेष टायरों में लोड बढ़ जाता है तथा सड़कों को अधिक क्षति पहुंचती है।

## मवेशियों को क्रूरतापूर्वक पीटते हांकते बूचड़खाने ले जा रहा मवेशी तस्कर गिरफ्तार

**❒ आरोपी से 11 मवेशियों को कराया गया मुक्त, लैलूंगा पुलिस ने आरोपी पर की पशुक्रूरता की कार्यवाही**

**रायगढ़।** दिनांक 04.10.2022 को प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उइके, थाना प्रभारी लैलूंगा के हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम नारायणपुर में दबिश देकर 11 नग कृषक मवेशियों को मारते पीटते बुचडखाने वध के लिये ले जा रहे मवेशी तस्कर की गिरफ्त से मवेशियों को मुक्त कराया गया है। प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उइके से सूचना मिली थी कि ग्राम नारायणपुर कटेलपारा के रास्ते से कुछ व्यक्ति मवेशी को पैदल मारते पीटते हांकते बूचड़खाना ले जा रहे है। सूचना की तस्दीकी के लिए डीएसपी सौरभ उइके हमराह स्टाफ के साथ ग्राम नारायणपुर में पहुंचे, जहां एक व्यक्ति 11 नग मवेशी को पदैल मारते पीटते हांकते ले जाते मिला जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम शिवानंद सिदार बताया जिसके पास मवेशियों के खरीदी बिक्री के संबंध में कोई कागजात/रसीद नहीं था। आरोपी के कृत्य पर थाना लैलूंगा में आरोपी शिवानंद सिदार पिता बालसिंह सिदार उम्र 38 साल साकिन लपाई सेमरकछार थाना कांसाबेल, जिला जशपुर पर छत्तीसगढ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 के तहत कार्यवाही किया गया है। आरोपी से मुक्त कराये गये मवेशियों की कीमत करीब 40,000 रूपये है जिन्हें गौठान में रखवाया गया है। प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उइके के साथ कार्यवाही में प्रधान आरक्षक रामरतन भगत, परमेश्वर पैकरा, और आरक्षक राजू तिग्गा शामिल थे।

## गाय, बैल, भैंस, भैंसी को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने करायें उनका टीकाकरण



**रायगढ़।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गाय, बैल, भैंस, भैंसी को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने जिले में आगामी 15 अक्टूबर तक सघन टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। पशुधन विकास विभाग ने ठाना है कि रायगढ़ जिला को खुरपका-मुंहपका (खुरहा)रोग से मुक्त कराना है। इसी तारतम्य में जिला प्रशासन एवं पशुधन विकास विभाग रायगढ़ द्वारा पशु चिकित्सा टीकाकरण दल के द्वारा ग्रामों में घर-घर जाकर एफएमडी टीकाकरण किया जा रहा है।

उप संचालक पशुपालन डॉ.आर. एच.पाण्डेय ने बताया कि खुर वाले पशुओं में एप्थोवायरस नामक विषाणु से होने वाली यह संक्रामक रोग है। इस विषाणु के सात सीरो टाइप ए, ओ, सी, एसिया-1 एवं एसएटी 1, 2, 3 है। जिसमें भारत में मुख्यत: ए, ओ, सी एवं एसिया-1 से ही यह बीमारी होती है। यह बीमारी, बीमार पशुओं के संपर्क में आने से, उनके खाने एवं अपशिष्ट पदार्थो से तथा मनुष्यों द्वारा विषाणु के संपर्क में आने से स्वस्थ पशुओं में फैलता है। इसके लक्षण पाये जाने पर पशुओं में बुखार, मुंह से लार का बहना एवं पैरों में लंगड़ापन इत्यादि होता है। इस बीमारी की वजह से छोटे बछड़ों की मृत्यु होने से पशुधन की हानि होती है। व्यस्क पशुओं में मृत्यु दर कम होती है किन्तु दुग्ध उत्पादन एवं कार्यक्षमता प्रभावित होती है। इसके बीमारी से बचाव के लिए बीमार पशुओं की पहचान कर स्वस्थ पशुओं से अलग कर उपचार करना एवं स्वस्थ पशुओं का सघन टीकाकरण करना जरूरी है।

डॉ.पाण्डेय ने जिले के सभी पशुपालकों से आग्रह किया है कि गाय, बैल, भैंस, भैंसी को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाने के लिए उन्हें टीका अवश्य लगवायें और अपने पशुओं को सुरक्षित करें।

## 1 नवम्बर से शुरू होने जा रहे धान खरीदी को लेकर समिति प्रबंधकों की हुई बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन में आज नगर निगम ऑडिटोरियम में धान खरीदी वर्ष 2022-23 के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, उप संचालक कृषि हरीश राठौर, सहायक खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, तहसीलदार लोमश मिरी, अपेक्स बैंक से सुनील सोढ़ी उपस्थित रहे।

सीईओ मिश्रा ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 01 नवम्बर से धान खरीदी की शुरूआत होगी। इसके मद्देनजर सभी धान उपार्जन केन्द्रों में बिजली, पानी सहित समस्त मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। कहीं भी किसी प्रकार की शिकवा-शिकायत की स्थिति निर्मित न हो। आगामी 20 अक्टूबर तक वहां पूरी तैयारी रखें। उपार्जन केन्द्रों में कमी या लापरवाही पाये जाने पर संबंधित खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सीईओ मिश्रा ने कहा कि सभी उपार्जन केन्द्र स्थलों में धान के सुरक्षित रख-रखाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। अगर किसी उपार्जन केन्द्रों में चबूतरें एव शेड की आवश्यकता हो तो तत्काल आवेदन बनाकर उप पंजीयक के पास आवेदन जमा करें। सभी उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदानों की व्यवस्था हो यह सुनिश्चित करें। साथ ही समितियों के पास विगत उपार्जन वर्ष के शेष बचे बारदानों का भी उपयोग करें। प्रतिदिन उपार्जित धान की भरी बोरियों की तौलाई पश्चात तत्काल सिलाई एवं स्टेकिंग पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील/अति संवेदनशील एवं बार्डर के उपार्जन केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरा चालू हालत में हो यह सुनिश्चित कर लें। उन्होंने खाद्य अधिकारी को उक्त सभी केन्द्रों में पर्यवेक्षण हेतु दल गठित करने के निर्देश दिए। ताकि अन्य राज्यों से धान लेकर आने वाले कोचियों पर निगरानी हो सकें। उन्होंने कहा कि धान लेकर आने वाले वाहनों के प्रकार, नंबर आदि का किसानवार विवरण का रिकार्ड जरूर रखें, जिसका आवश्यकतानुसार सत्यापन कराया जा सके। उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान की और भण्डारित बारदानों की व्यवस्थित स्टेकिंग, संधारण तथा भंडारित धान एवं बारदानों की साप्ताहिक भौतिक सत्यापन उपार्जन केन्द्र एवं दल द्वारा करायें। उन्होंने कृषि विभाग के आरईओ एवं एसएडीओ को निर्देशित किया है कि पोर्टल पर कृषक पंजीयक के कार्य शीघ्र से पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि अगर उपार्जन केन्द्रों में ग्रीष्म कालीन धान या पुराने धान की आवक होती है तो तत्काल इसकी सूचना संबंधित तहसीलदार को दें।

समीक्षा बैठक के दौरान कृषि विभाग के आरईओ एवं एसएडीओ सहित समस्त समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480